कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी०टी०नगर, भोपाल

कमांक/प्रशासन/भंडार/आविभो/1938/2025 भोपाल, दिनांक 17/03/2025

# Tender Document
# Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में उपलब्ध हायर क्लास, हाईस्कूल, मिडिल कम्प्यूटर लैब, इंग्लिश लैब, समन्वयक कम्प्यूटर लैब, ई–लायब्रेरी, कार्यालय, कम्प्यूटर सेक्शन, शैक्षणिक विभाग, स्थानीय परीक्षा, एनसीसी, काउंसलर एवं अन्य विभिन्न कक्षों में उपलब्ध लगभग 175 कम्प्यूटर सिस्टम, 10 लेपटॉप, सर्वर सिस्टम, वाईफाई नेटवर्किंग, लगभग 45 प्रिंटरों में हार्डवेयर/साप्टवेयर/नेटवर्किंग कार्य, मेंटनेंस, कम्प्यूटर/साप्टवेयर एवं कम्प्यूटर संबंधी स्टेशनरी अन्य सामग्री क्रय इत्यादि हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. आदर्श विद्यालय भोपाल में कम्प्यूटर हार्डवेयर/साप्टवेयर मेंटेनेस, मटेरिल सप्लायी कार्य सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से कम्प्यूटर मेंटनेंस सेवाऐं आगामी 02 से 03 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।

3. यह आमंत्रण ऐसे कम्प्यूटर/हार्डवेयर मेंटेनेंस इंजीनयर और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास कम्प्यूटर मेंटनेंस कार्य के क्षेत्र में निम्नतम 03 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश के किसी सरकारी विभाग/निगम मंडल, अन्य उपक्रम एवं व्यवसायिक संस्था को अनुबंध पर सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर कम्प्यूटर मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 03 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. कम्प्यूटर/प्रिटर मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 18/03/2025 से 05/04/2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं उसी अवधि में विद्यालय में उपलब्ध कम्प्यूटर प्रोसेसर, प्रिंटरों, लेपटॉप, सर्वर सिस्टम का अवलोंकन करवाया जावेगा। उसी आधार पर कम्प्यूटर मेंटनेंस की दरें प्रदान करना होगी।

6. कम्प्यूटर/प्रिटर मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 05/04/2025 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं कम्प्यूटर इंजीनियर फर्म/प्रतिनिधियों/प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7. कम्प्यूटर मेंटनेंस एवं सामग्री सप्लायी हेतु संबंधित इंजीनियर/फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 1,75,000/– **बैंक गारण्टी** के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित कम्प्यूटर फर्मों को लौटा दी जावेगी।

8. कम्प्यूटर/प्रिटर/लेपटॉप मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी सेवाऐं अवधि दिनांक 07/04/2025 से 06/04/2026 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 02 से 03 माह तक कार्य सेवाओं में वृद्वि की जा सकेगी।

9. जिन फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

10. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

11. जिस कम्प्यूटर/प्रिटर/लेपटॉप मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी इंजीनियर/फर्म की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 1,75,000/— सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी। स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

12. कम्प्यूटर/प्रिटर/लेपटॉप मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी इंजीनियर/फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर कम्प्यूटर मेंटनेंस, सामग्री प्राप्ति एवं समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

13. कम्प्यूटर मेंटनेंस एवं कम्प्यूटर संबंधी सामग्री सप्लायी आदेशित कंपनी में न होने, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर कम्प्यूटर मेंटनेंस एवं सामग्री सप्लायी सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल

प्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल